उत्तर प्रदेश शासन
नगर विकास अनुभाग–9
संख्या: 926/नौ–9–2019–89ज/19
लखनऊ :दिनांक: 05 जुलाई 2019

कार्यालय ज्ञाप

स्मार्ट सिटी परियोजना अन्तर्गत प्रदेश के चयनित 10 शहरों यथा– आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज, बरेली, झांसी, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, सहारनपुर, मुरादाबाद में विभिन्न परियोजनायें कियान्वित की जा रही है। स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत परियोजनाओं के तकनीकी परीक्षण में विलम्ब होने के कारण इनके कियान्वयन में आ रही कठिनाई का निराकरण किया जाना अपेक्षित है।

2. अतः स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत प्राप्त परियोजनाओं के तकनीकी परीक्षण आदि के लिए राज्य स्तरीय एतद्द्वारा एक समिति का गठन निम्नवत् किया जाता है:–

(1)	राज्य मिशन निदेशक, स्मार्ट सिटी	–	अध्यक्ष
(2)	अपर निदेशक, क्षेत्रीय नगरीय पर्यावरण एवं अध्ययन केन्द्र	–	सदस्य
(3)	मुख्य अभियंता (नागर) उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ	–	सदस्य
(4)	मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ	–	सदस्य
(5)	उ0प्र0 पालिका (केन्द्रीयित) अभियन्त्रण (वि/यां) प्रवर सेवा संवर्ग के नगर निगम, लखनऊ में तैनात विद्युत से सम्बन्धित मुख्य अभियंता	–	सदस्य
(6)	आई0टी0/कम्प्यूटर क्षेत्र से सीनियर टेक्निकल डायरेक्टर, एन0आई0सी0, उ0प्र0, लखनऊ (परियोजना उक्त क्षेत्रों से संबंधित होने की दशा में आवश्यकतानुसार)	–	सदस्य
(7)	मुख्य अभियंता, नगर निगम/नगर निगम में तैनात वरिष्ठतम अभियंता संबंधित स्मार्ट सिटी के	–	सदस्य

उक्त समिति स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत प्राप्त परियोजनाओं के Technical appraisal की कार्यवाही करेगी। Technical appraisal के उपरान्त परियोजना से संबंधित SPV को अनुमोदनार्थ वापस प्रेषित की जायेगी। जिन परियोजनाओं का परीक्षण empannelled reputee संस्थाओं से कराया जायेगा, उन्हें राज्य स्तरीय तकनीकी समिति में भेजने की आवश्यकता नहीं होगी।

राज्य स्तरीय तकनीकी समिति आवश्यकतानुसार Sectoral experts को अपनी बैठक में आमंत्रित कर सकते हैं। राज्य स्तरीय तकनीकी समिति में क्षेत्रीय

नगरीय पर्यावरण एवं अध्ययन केन्द्र द्वारा समन्वयक का कार्य किया जायेगा। समिति पर आने वाला व्यय भार Smart City के A&OE की मद से किया जायेगा।

Manoj 3.7.19
(मनोज कुमार सिंह)
प्रमुख सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. राज्य मिशन निदेशक, स्मार्ट सिटी, उ0प्र0, लखनऊ।
2. अध्यक्ष, एस0पी0वी0, स्मार्ट सिटी, लखनऊ/कानपुर/वाराणसी/आगरा/अलीगढ़/ प्रयागराज/ झाँसी/बरेली/सहारनपुर/मुरादाबाद।
3. मुख्य कार्यकारी अधिकारी/नगर आयुक्त, स्मार्ट सिटी/नगर निगम, लखनऊ/कानपुर/ वाराणसी/आगरा/अलीगढ़/प्रयागराज/ झाँसी/बरेली/सहारनपुर/मुरादाबाद।
4. अपर निदेशक, क्षेत्रीय नगरीय पर्यावरण एवं अध्ययन केन्द्र।
5. मुख्य अभियंता (नागर) उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
6. मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
7. उ0प्र0 पालिका (केन्द्रीयित) अभियन्त्रण (वि/यां) प्रवर सेवा संवर्ग के नगर निगम, लखनऊ में तैनात विद्युत से सम्बन्धित मुख्य अभियंता।
8. निदेशक, एन0आई0सी0, उ0प्र0, लखनऊ।
9. मुख्य अभियंता, स्मार्ट सिटी, लखनऊ/कानपुर/वाराणसी/आगरा/अलीगढ़/प्रयागराज/ झाँसी/बरेली/सहारनपुर/मुरादाबाद।
10. गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सेल।

आज्ञा से,
5/7/19
(कुणाल सिल्कू)
विशेष सचिव।